खुलासा | 6 आरोपी गिरफ्तार, क्रिकेट फाइनल के दौरान दिया वारदात को अंजाम, पुलिस डॉग की मदद से चंद घंटों में खुलासा

# पैसों और जेवरात के विवाद में भाई ने की बहन-जीजा की हत्या



**नवभारत/ नरसिंहपुर/ गाडरवारा।** क्षेत्र में हुई सनसनीखेज दोहरी हत्या की घटना का पुलिस ने कुछ ही घंटों में खुलासा कर दिया। इस मामले में मुख्य आरोपी मृतका का सगा भाई निकला, जिसने अपने साथियों के साथ मिलकर बहन और जीजा की धारदार हथियार से हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना स्वयं अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। उनके साथ एफएसएल, फिंगरप्रिंट और डॉग स्क्वॉड की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए।

### बच्ची ने देखा शव, पुलिस को दी सूचना

9 मार्च 2026 की सुबह एक बच्ची ने घर के पास एक शव पड़ा देखा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच में पाया कि मृतक छुटई चौधरी और उनकी पत्नी केरा बाई की हत्या की गई है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि हत्या लूट की नीयत से की गई और संभवतः मृतक आरोपियों को पहचानते थे।

### कटनी से पकड़े गए आरोपी

जांच में पता चला कि आरोपी अपने साथियों के साथ कटनी जिले की ओर भाग गया है। पुलिस टीम ने स्लीमनाबाद थाना पुलिस की मदद से मुख्य आरोपी हल्के हरिजन, गुड्डू उर्फ कालीराम और उसकी पत्नी रीना को हिरासत में लिया।

### बेटे की शादी के लिए मांगे थे पैसे

पूछताछ में आरोपी हल्के हरिजन ने बताया कि उसके बेटे की शादी होने वाली थी। उसने अपने जीजा और बहन से पैसे और जेवरात मांगे, लेकिन मना करने पर विवाद हो गया। इसी गुस्से में उसने साथियों के साथ मिलकर दोनों की हत्या कर दी।

### आसपास की गतिविधियों पर नहीं गया किसी का ध्यान

आरोपियों ने बड़ी चालाकी से उस समय वारदात को अंजाम दिया जब क्षेत्र में क्रिकेट का फाइनल मैच चल रहा था। अधिकांश लोग टीवी पर मैच देखने में व्यस्त थे, जिससे आसपास की गतिविधियों पर किसी का ध्यान नहीं गया।

### पुलिस डॉग से मिला अहम सुराग

घटनास्थल पर जांच के दौरान पुलिस डॉग MASS ने बार-बार एक ही स्थान पर जाकर संकेत दिया। पुलिस ने उस स्थान की तलाशी ली, जो मृतका के भाई हल्के हरिजन के घर के पास था। खून से सने अधजले कपड़ों से खुला राज तलाशी के दौरान आरोपी के घर के आंगन से खून से लथपथ अधजले कपड़े बरामद हुए। इसके आधार पर पुलिस का संदेह पुख्ता हुआ और आरोपी की तलाश शुरू की गई।

### गिरफ्तार आरोपी

- पुलिस ने इस मामले में
- हल्के भैया चौधरी
- धर्मेंद्र चौधरी
- इलायची बाई चौधरी
- गुड्डू उर्फ कालीराम चौधरी
- रीना चौधरी (सभी निवासी ग्राम बम्होरी, थाना साईंखेड़ा)
- बड्डू उर्फ भुवन चौधरी (निवासी ग्राम सूखाखैरी, थाना चीचली) को गिरफ्तार किया है।

**बरामद सामान**

- पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से
- चांदी का हाफ कड़ोरा
- 2 जोड़ी चांदी की पायल
- 4 पैर के लच्छे
- चांदी की चेन
- मंगलसूत्र
- चांदी का ब्रासलेट
- चांदी की अंगूठी और हत्या में प्रयुक्त चाकू व हंसिया जब्त किए हैं।

**दर्ज हुआ मामला**

सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 103(1) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# गुणवत्ताहीन पेंचवर्क से फिर उभरे गहरे गड्ढे



**नवभारत,गोटेगांव।** गोटेगांव लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आने वाले गोटेगांव से लाठगांव होते हुए कुंडा चौराहे तक का सड़क मार्ग अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। कुछ दिनों पूर्व विभाग द्वारा दुरूस्तीकरण के नाम पर पेंचवर्क का कार्य कराया गया था, लेकिन गुणवत्ता के अभाव में कुछ ही दिनों बाद सड़क पर फिर से बड़े-बड़े गड्ढे नजर आने लगे हैं। इस मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा कई बार डामरीकरण का कार्य करवाया जा चुका है।

परंतु सड़क की हालत सुधरने का नाम नहीं ले रही है। सड़क की इस दुर्दशा का मुख्य कारण क्षेत्र में मौजूद गिट्टी क्रेशर और उनसे होने वाली भारी वाहनों की निरंतर आवाजाही है। भारी लोड के कारण डामर की सड़क टिक नहीं पा रही है। साथ ही ठेकेदारों द्वारा डामरीकरण के कार्य में बरती जा रही लापरवाही और निम्न स्तर की निर्माण सामग्री के कारण भी सड़क जल्द ही उखड़ जाती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जब तक निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ नहीं होगा, तब तक शासन के रूपये इसी तरह बर्बाद होते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि सिवनी जिले के धूमा से गोटेगांव की सीमा तक शासन ने सीसी कांक्रीट रोड का निर्माण करवाया है, जो काफी मजबूत है। इसके विपरीत गोटेगांव सीमा से लाठगांव होते हुए शहर तक का हिस्सा अब भी डामर रोड ही है, जो बार-बार खराब हो रहा है। वर्तमान में हालत यह है कि वाहन चालक इस खराब रास्ते से बचने के लिए परमहंसी रोड का सहारा ले रहे हैं, जो पूरी तरह से सीसी कांक्रीट से निर्मित है। क्षेत्रीय रहवासियों ने मांग की है कि लाठगांव होते हुए गोटेगांव आने वाली इस मुख्य सड़क को डामर की जगह सीसी कांक्रीट से निर्मित कराया जाए। यदि विभाग यहाँ ठोस सड़क निर्माण करवाता है, तो बार-बार होने वाली मरम्मत और खराब सड़क की समस्या से जनता को स्थाई राहत मिल सकेगी।

## झांसी घाट पर स्वच्छता की अलख, मां नर्मदा युवा सेवा संगठन ने चलाया सफाई अभियान

**नवभारत,गोटगांव।** गोटगांव समीप पावन तट झांसी घाट पर मां नर्मदा युवा सेवा संगठन द्वारा स्वच्छता को लेकर एक विशेष मुहिम चलाई गई। स्वच्छ भारत अभियान से प्रेरणा लेते हुए संगठन के सदस्यों ने घाट पर पहुंचकर व्यापक सफाई अभियान चलाया। इस दौरान घाट के आसपास श्रद्धालुओं द्वारा छोड़े गए दोना-पत्तल, डिस्पोजल, शैंपू के पाउच और अन्य कचरे को एकत्रित कर सुरक्षित तरीके से नष्ट किया गया। इस पुनीत सेवा कार्य में संगठन के सदस्य सतेंद्र लोधी, आशीष पटेल, पवन नमन, आशीष विश्वकर्मा सहित अन्य साथियों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। सफाई के उपरांत संगठन के सदस्यों ने उपस्थित श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों से मार्मिक अपील की है कि मां नर्मदा के इन पवित्र तटों पर गंदगी न फैलाएं और भविष्य में भी स्वच्छता बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करें।

# प्रस्फुटन समितियों को दिया गया जल गंगा अभियान व ग्राम विकास का प्रशिक्षण

**नवभारत,नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नरसिंहपुर के मार्गदर्शन में नवांकुर योजना के अंतर्गत सेक्टर स्तरीय ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर सखी योजनाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन मंगलवार को ग्राम पंचायत भवन बम्होरी-तिंदनी सेक्टर धमना में किया गया।

सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रशिक्षण के दौरान जनभागीदारी आधारित जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल एवं प्रभावी बनाने के लिए रूपरेखा से अवगत कराते हुए जल संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन के लिए ग्राम स्तर पर किए जाने वाले प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान आगामी त्रैमासिक कार्ययोजना पर भी विस्तार से विचार- विमर्श किया गया। प्रतिभागियों को सामुदायिक ग्राम विकास की अवधारणा, समितियों की भूमिका, उनके द्वारा संधारित किए जाने वाले आवश्यक अभिलेखों तथा कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। तकनीकी सत्र में प्रतिभागियों को एमपीजेएपी ऐप के माध्यम से समितियों की गतिविधियों, बैठकों तथा विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी ऑनलाइन दर्ज करने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया, जिससे योजनाओं की प्रगति का डिजिटल रूप से प्रभावी मॉनिटरिंग की जा सके।

# लाखों रूपये की लागत से बने अमृत सरोवर सूखे, शासन की राशि हुई बेकार

**नवभारत,गोटेगांव।** गोटेगांव तहसील की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल संग्रहण और मछली पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाई गई अमृत सरोवर योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। शासन ने इन सरोवरों के माध्यम से स्थानीय मछुआरों को रोजगार देने का सपना संजोया था, लेकिन धरातल पर स्थिति इसके विपरीत है।

क्षेत्र के कई अमृत सरोवर वर्तमान में पूरी तरह सूखे पड़े हैं, जिससे शासन की लाखों रूपये की राशि व्यर्थ साबित हो रही है। ग्राम पंचायत सिरकोना के अंतर्गत झिरीकला रोड पर निर्मित अमृत सरोवर अपनी बदहाली की कहानी खुद बयां कर रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार जब से इस सरोवर का निर्माण हुआ है, तब से



बारिश के मौसम में भी यहाँ पानी का ठहराव नहीं हो पाया है। पास के नाले का पानी संचित होने के बजाय बाहर बह जाता है। पानी के अभाव में निर्माण पर खर्च किए गए लाखों रुपयों पर पूरी तरह पलीता लग चुका है। ऐसी ही स्थिति ग्राम पंचायत बेलखेड़ी शेढ़ में भी देखने को मिल रही है, जहाँ गोशाला मार्ग पर लाखों की लागत से सरोवर बनाया गया था। पानी का संचय न होने के कारण यहाँ धूल उड़ रही है और मवेशियों को पानी पिलाने के लिए चरवाहों को भटकना पड़ रहा है। समुचित व्यवस्थाओं के दावों के बावजूद पानी का न ठहरना निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। आखिर किन अधिकारियों के निर्देश पर इन स्थलों का चयन किया गया, इसकी अब तक कोई जांच नहीं हुई है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत बाबली का अमृत सरोवर भी गर्मी आते ही जवाब दे जाता है। यहाँ पानी लंबे समय तक नहीं ठहर पाता, जिससे सरोवर के किनारों पर लगाए गए पौधे भी सूख चुके हैं। जब सरोवर ही सूखे पड़े हैं, तो उनमें मछली पालन कैसे संभव होगा, यह एक बड़ा प्रश्न बना हुआ है।



# कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक

**नवभारत,नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टर चैम्बर में जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर सिंह ने मकानसूचीकरण के कार्य में ई- गवर्नेंस के अधिकारी/ कर्मचारी को संलग्न किए जाने तथा समय सीमा के अनुसार 15 मार्च तक मकान सूचीकरण ब्लॉक का गठन करने और HLBC Web Mapping Application पर इन मकान सूचीकरण ब्लॉक को अनिवार्य रूप से चिन्हित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जिले में किसी भी आयोजन में जनगणना से संबंधित जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार करने के निर्देश समस्त जिला अधिकारियों को दिए गए।

## एक नजर में

### नाबालिग फांसी पर झूली

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** सोमवार को तेंदूखेड़ा के वार्ड क्रमांक 04 टाल मुहल्ला में रहने वाले श्रीधर पहाडिया की 14 वर्षीय पुत्री ने किराये के घर में फांसी की फंदे पर झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। नाबालिग ने फांसी क्यों लगाई पुलिस पूरी सूक्ष्मता से मामले की विवेचना में जुट गई है। और इसकी डायरी महिला सब इंस्पेक्टर आरती वर्मा को सौंपी गई है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार सोमवार के दोपहर को घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने नाबालिग को नीचे उतारा उस समय नाबालिग का पिता घर पर नहीं था फांसी कब लगाई इसका भी खुलासा सूक्ष्मता से जांच के बाद ही सामने आ पायेगा। चूंकि नाबालिग की मां ने भी कुछ समय पूर्व ही अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। पिता के आने के बाद ही पोस्टमार्टम की कार्यवाही संभव हो सकी। इस संबंध में जब हमारे प्रतिनिधि ने नगर निरीक्षक से चर्चा की तो उनका कहना है कि चूंकि मामला नाबालिग लड़की का है और उसके पिता घर में भी नहीं थे। हर एंगिल से इसकी जांच की जा रही है। और महिला सब इंस्पेक्टर को ही इसकी विवेचना सौंपी गई है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, साथी घायल

**नवभारत,गोटेगांव।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बगासपुर में हुए एक सड़क हादसे में ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की जान चली गई। जानकारी के अनुसार, बगासपुर निवासी करण रजक अपने साथी के साथ बाइक से जा रहा था, तभी एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में करण की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी सामान्य रूप से घायल हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुँचकर मामले की जाँच शुरू कर दी है।

### युवक ने अज्ञात कारणों के चलते लगाई फांसी

**नवभारत,गोटेगांव।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रहली में एक 28 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आशीष ठाकुर ने अपने ही घर में आत्मघाती कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुँचकर पंचनामा कार्यवाही की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल पुलिस आत्महत्या के कारणों की जाँच कर रही है।

### ट्रेन से कटकर युवक ने की आत्महत्या

**नवभारत,गोटेगांव।** थाना क्षेत्र के ग्राम गर्रा में 25 वर्षीय युवक नरेंद्र पटेल ने ट्रेन से कटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से गांव में शोक व्याप्त है।

### बाइक की टक्कर से महिला घायल, चालक पर मामला दर्ज

**नवभारत,गोटेगांव।** गोटेगांव तहसील की झोतेश्वर पुलिस चौकी के अंतर्गत कुंडा आम रोड पर एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर से महिला घायल हो गई। पुलिस ने घायल जमुना बाई ठाकुर की रिपोर्ट पर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 49 जेडएच 6274 के चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बैंक खाते से पार हुए चार लाख से अधिक की राशि

**नवभारत/ गाडरवारा।** डिजिटल लेनदेन का उपयोग जहां आमजन के लिए सुविधाजनक साबित हो रहा है, वहीं जरा सी लापरवाही लोगों को भारी नुकसान भी पहुंचा रही है। इन दिनों साइबर ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, जिससे बैंक उपभोक्ता अपनी जमा राशि को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सिहोरा पुलिस चौकी क्षेत्र से सामने आया है। जानकारी के अनुसार ग्राम खंजारी निवासी ऋषभ पिता शिवकुमार दीक्षित के बैंक खाते से अज्ञात व्यक्ति द्वारा चार लाख से अधिक की राशि निकाल ली गई। प्रार्थी ऋषभ दीक्षित ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनके करेली स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के खाते से अज्ञात व्यक्ति द्वारा 4 लाख 39 हजार 852 रुपये ट्रांसफर कर लिए गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## बिना डायवर्सन और सुविधाओं के खेतों में हो रहा अवैध प्लाटिंग का खेल

**नवभारत/गोटेगांव।** नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों कृषि भूमि पर धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग कर आम जनता के साथ छल किया जा रहा है। शंकराचार्य चौक, छात्रावास के समीप और जबलपुर रोड सहित बाईपास से सटे खेतों में भू-माफियाओं द्वारा छोटे-छोटे प्लॉट काटकर बेचे जा रहे हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि अधिकांश स्थानों पर न तो जमीन का नियमानुसार डायवर्सन कराया गया है और न ही वहाँ नाली, सड़क या बिजली जैसी किसी मूलभूत सुविधा का इंतजाम किया गया है। बिचौलियों और रसूखदारों के इस सुनियोजित खेल में मध्यमवर्गीय लोग अपनी जीवन भर की जमा-पूंजी फंसा रहे हैं, जिससे भविष्य में अव्यवस्थित बस्तियां बसने का खतरा तेजी से बढ़ गया है। इस मामले में स्थानीय नागरिक राजेश पटेल, रामकुमार साहू और सुनील यादव का कहना है कि नियमों को ताक पर रखकर किए जा रहे इस कारोबार पर प्रशासन मौन साधे हुए है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि यदि समय रहते वैधानिक कार्रवाई नहीं की गई, तो आने वाले समय में इन प्लॉटों को खरीदने वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

# सशक्त महिलाओं एवं नेशनल स्तर की खिलाड़ियों का सम्मान



**नवभारत/गोटेगांव।** विगत दिवस ग्राम कुम्हड़ाखेड़ा निवास पर महिला दिवस के उपलक्ष्य में समाजसेवीका श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव द्वारा एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उन वरिष्ठ मातृशक्तियों का सम्मान किया गया, जो पिछले 30-35 वर्षों से मंदिर में निरंतर सेवा दे रही हैं। इसके साथ ही नेशनल स्तर पर खेल चुकी छह प्रतिभाशाली खिलाड़ी तथा दो सशक्त महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। जिसमें- इशरत बी (हैंडबॉल), मनीष मेहरा (कबड्डी), रजनी पटवा (एथलेटिक्स), रिया पटेल (एथलेटिक्स), साहनी पगारे (वॉलीबॉल) एवं मानसी लोधी (वॉलीबॉल)। सशक्त महिलाओं में रश्मि तिवारी, जिन्होंने महिलाओं को छोटे उद्यमों से जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराया, तथा अनीता पाठक, प्रिंसिपल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इमलिया में अपनी उत्कृष्ट व्यवस्थाओं, ईमानदारी और समर्पण के साथ महत्वपूर्ण योगदान दिया जिनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बंजारी माता मंदिर की पाँच महिलाओं को भी उनकी निरंतर सेवा भाव के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही पर्यावरण जागरूकता के अंतर्गत कपड़े की थैलियों का वितरण किया गया! वहीं समाजसेवीका स्नेह लता ने अपने उद्बोधन में कहा कि नारी शक्ति के अटूट संकल्प, रचनात्मकता और साहस को नमन। आज की नारी अंतरिक्ष से लेकर सेना, खेल, उद्योग और शासन तक हर क्षेत्र में देश की प्रगति को नया आकार दे रही है। महिला सशक्तिकरण ही राष्ट्र निर्माण का मूल आधार है, जो भारत को सशक्त और समृद्ध बना रहा है। नारी केवल परिवार की धुरी नहीं, बल्कि समाज में बदलाव लाने वाली शक्ति है, जो देश को निरंतर नई ऊर्जा दे रही है। आइए हम सभी मिलकर महिला सम्मान, समान अवसर और समावेशी विकास के संकल्प को और मजबूत करें। तथा 'अर्थ आवर' के तहत 28 मार्च, शनिवार को एक घंटा बिजली बंद कर पृथ्वी संरक्षण में योगदान देने हेतु सभी से अपील की गई।

# सूखाखेरी में गूंजी किसानों की आवाज,जीतू पटवारी ने महापंचायत में भरी हुंकार


**नवभारत/ नरसिंहपुर/चीचली।** जिले के ग्राम सूखाखेरी में आयोजित किसान महापंचायत एवं कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन देखने को मिला। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में आयोजित इस विशाल आमसभा में नरसिंहपुर जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। किसान हितों के लिए सड़क से सदन तक की लड़ाई का संकल्प कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।



अपने संबोधन में पटवारी ने प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि आज अन्नदाता अपने हक के लिए परेशान है। उन्होंने सोयाबीन, गेहूं और धान के उचित दाम (रूस्क) न मिलने, खाद की किल्लत और बिजली कटौती जैसे मुद्दों को उठाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों के स्वाभिमान की लड़ाई आखिरी दम तक लड़ेगी। सुनीता पटेल ने दिखाई संगठन की ताकत जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल की मौजूदगी में आयोजित इस सम्मेलन में कार्यकर्ताओं का भारी हुजूम उमड़ा। पटेल ने क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि नरसिंहपुर जिला कृषि प्रधान जिला है, लेकिन यहाँ का किसान आज उपेक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे हर घर तक जाकर जनविरोधी नीतियों का पर्दाफाश करें। महापंचायत में बड़ी उपस्थिति- नरसिंहपुर जिले के कोने-कोने से किसान ट्रैक्टर और निजी वाहनों से सूखाखेरी पहुंचे। चुनावी तैयारी सम्मेलन को आगामी स्थानीय एवं प्रदेश स्तरीय राजनीतिक चुनौतियों के लिए संगठन को मजबूत करने की कवायद के रूप में देखा जा रहा है। प्रमुख मुद्द खाद-बीज की कालाबाजारी, बिजली के बढ़ते बिल और फसलों का उचित मुआवजा न मिलना चर्चा के केंद्र में रहे। नेताओं ने की एकजुटता की अपील मंच से अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी संबोधित किया और इस बात पर जोर दिया कि वर्तमान समय में कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर जनता के बीच जाने की आवश्यकता है। महापंचायत के दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया और किसान एकता के नारे गूंजते रहे। कार्यक्रम के अंत में स्थानीय नेतृत्व ने आगंतुक सभी अतिथियों और किसानों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिले के तमाम वरिष्ठ कांग्रेसी पदाधिकारी, पूर्व विधायक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एम पी प्रजापति, विधायक लखन भईया, संजय शर्मा, सुनील जायसवाल और भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# पाइप लाइन बिछी, कनेक्शन हुए पर नल सूखे,भीषण गर्मी में पानी के लिए मचेगा हाहाकार

**नवभारत,साईखेड़ा।** सूरज के तीखे तेवरों के साथ ही साईखेड़ा नगर में जल संकट ने अपने पैर पसारना शुरू कर दिए हैं। विडंबना देखिए कि जिस नर्मदा जल परियोजना का सपना दिखाकर नगरवासियों को सुकून की उम्मीद दी गई थी, वह वर्षों बीत जाने के बाद भी आज सफेद हाथी साबित हो रही है। नगर के अधिकांश वार्डों में पाइपलाइन बिछ चुकी है, घरों के सामने कनेक्शन के मीटर और टोंटियां भी लग गई हैं, लेकिन इनमें पानी कब आएगा, इसका जवाब किसी जिम्मेदार के पास नहीं है। योजना पूरी, फिर भी प्यासा है नगर नगरवासियों का कहना है कि प्रशासन और ठेकेदार की लापरवाही के कारण करोड़ों की लागत वाली नर्मदा जल योजना अधर में लटकी है। कागजों पर काम पूरा होने का दावा किया जा रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि नलों से हवा तक नहीं निकल रही। गर्मी का दौर शुरू होते ही पेयजल



स्त्रोतों का जलस्तर गिरने लगा है, जिससे आने वाले दिनों में स्थिति और भी भयावह होने की आशंका है। कबाड़ में तब्दील हुए हैंडपंप एक तरफ नर्मदा का पानी नहीं मिल रहा, तो दूसरी तरफ नगर में लगे हैंडपंप भी दम तोड़ रहे हैं। रखरखाव के अभाव में दर्जनों हैंडपंप कबाड़ की स्थिति में बंद पड़े हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर परिषद इन हैंडपंपों की मरम्मत नहीं करा रही है। मजबूरन लोगों को दूर-दराज के खेतों या निजी ट्यूबवेलों से पानी ढोकर लाना पड़ रहा है।